गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी
प्रैस नोट

दिनांकः–26.03.2019

1948 में स्थापित जी.एम.एन कॉलेज के संस्थापक विद्यार्थी सतीश चन्द्र गर्ग जो भारत सरकार के रिटायर्ड अधिकारी है आज उनके बेटे इंजीनियर सिद्धान्त गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी दिल्ली युनिवर्सिटी की रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला ने जी.एम.एन कॉलेज का दौरा किया। इससे पहले उन्होंने कॉलेज को पाठ्यक्रम की 336 किताबें लाईब्रेरी में सतीश चन्द्र गर्ग की तरफ से मंगवाने के लिए कॉलेज को कहा था। किताबें आने पर प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने उन्हें सूचित किया तो दोनो मां बेटे कॉलेज पहुंचकर उसकी कीमत के रूप में 50,003/– का चैक प्राचार्य को भेंट किया एवं कहा कि जी.एम.एन की शिक्षा की बदौलत ही आज उनका परिवार फल–फूल रहा है। प्राचार्य डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि जी.एम.एन. परिवार को अपने पूर्व छात्रों की सोच, कार्यशैली एवं समाज में उनके योगदान पर गर्व है। कॉलेज के पूर्व छात्र देश एवं विदेश में अनेक क्षेत्रों में योगदान देकर मानवता को सहयोग कर रहे हैं। हमें सतीश चन्द्र गर्ग एव उन सभी पर गर्व हैं। इस अवसर पर उप–प्राचार्य डॉ. गीता सालवान एवं डी.एस.डब्लू प्रो. सज्जन सिंह भी मौजूद थे।

प्रो. सज्जन सिंह
(पी.आर.ओ.)